# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल–263001(उत्तराखण्ड)
**KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL, 263001 (UTTARAKHAND), INDIA**
Office: 05942-236856 (Extn-328), Fax:05942235213
Email:rdc@kunainital.ac.in, Website:www.kunainital.ac.in

**Research and Development Cell**

पत्रांक: KU/RDC/KUPPAT/2026/1997 दिनांक:03.08.2026

## कुमाऊं विश्वविद्यालय पी एच. डी. कार्यक्रम प्रवेश परीक्षा(KUPPAT) में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु कुमाऊँ विश्वविद्यालय के परिसरों एवं सम्बंधित महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु द्वितीय काउंसलिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग किये जाने के संबंध में विस्तृत सूचना

कुमाऊं विश्वविद्यालय पी-एच. डी. कार्यक्रम प्रवेश परीक्षा (KUPPAT) में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु कुमाऊँ विश्वविद्यालय के परिसरों एवं सम्बंधित महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रथम काउंसलिंग के पश्चात कतिपय विषयों में रिक्त सीटों के सापेक्ष द्वितीय काउंसलिंग प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जानी है। द्वितीय काउंसलिंग हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की वरीयता सूची (MERIT LIST) समर्थ पोर्टल एवं कुमाऊँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है।

द्वितीय वरीयता सूची में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों सूचित किया जाता है कि वे विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उक्त काउंसलिंग में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे-

**काउंसलिंग हेतु स्थान:**

1. **जैव-प्रौद्योगिकी(Biotehnology),विषय की काउंसलिंग हेतु: सर जे.सी.बोस परिसर, कुमाऊं विश्वविद्यालय, भीमताल**
2. **शेष विषयों की काउंसलिंग हेतु : डी.एस.बी.परिसर, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल**

**काउंसलिंग तिथि: 07.08.2026 (शुक्रवार)**

**रिपोर्टिंग समय: 11.00 बजे तक**

**काउंसलिंग का समय: 11.00 बजे से 03.00 बजे तक**

**काउंसलिंग शुल्क: रु.1,600.00 रुपये**

**अन्य निर्देश:**

1. उक्त काउंसलिंग प्रक्रिया में केवल वे ही अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकेंगे जिनका नाम द्वितीय काउंसलिंग हेतु वरीयता सूची में वर्णित है।
2. सभी अभ्यर्थियों को उपरोक्त विवरणानुसार रिपोर्ट करना होगा जहां उनकी उपस्थिति दर्ज की जायेगी।
3. द्वितीय वरीयता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग, विषय संयोजक द्वारा **11.00 बजे से 03.00 बजे तक** की जायेगी।
4. द्वितीय काउंसलिंग की समाप्ति के पश्चात द्वितीय वरीयता सूची में सम्मिलित किसी भी अभ्यर्थी को काउंसलिंग हेतु अर्ह नहीं माना जायेगा।
5. द्वितीय वरीयता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त किसी भी अन्य अभ्यर्थी को इस काउंसलिंग हेतु पात्र नहीं माना जायेगा।
6. उक्त काउंसलिंग में प्रतिभाग करने हेतु द्वितीय वरीयता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को निर्धारित काउंसलिंग शुल्क रु.1,600.00 (एक हजार छः सौ रुपये मात्र) काउंसलिंग तिथि पर **डी.एस.बी.परिसर,नैनीताल** में बने शुल्क काउंटर पर काउंसलिंग से पूर्व अभ्यर्थी द्वारा जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
7. काउंसलिंग हेतु सभी अभ्यर्थियों को इंटरव्यू कॉल लैटर(इंटरव्यू के समय जारी)/अन्य वैध पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा।
8. समस्त अभ्यर्थियों को निम्नांकित प्रमाणपत्रों की मूल प्रति के साथ स्वप्रमाणित छायाप्रति काउंसलिंग के समय प्रस्तुत करनी होगी-

क. समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र |

ख. आरक्षित श्रेणी से संबंधित उत्तराखंड शासन द्वारा निर्गत वैध प्रमाणपत्र ।(आरक्षित श्रेणी का लाभ प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों हेतु अनिवार्य)|

ग. कुमाऊं विश्वविद्यालय पी-एच. डी. कार्यक्रम प्रवेश परीक्षा (KUPPAT) में छूट प्राप्त अभ्यर्थियों के लिये छूट से संबंधित मूलपत्र यथा जे.आर.एफ़./जी.पैट/गेट/एम.फिल./इन्स्पायर/आदि अनिवार्य होगा ।

घ. शिक्षक अभ्यर्थियों हेतु अपने संबंधित परिसर/ महाविद्यालय से अनापत्ति प्रमाणपत्र ।

9. ऐसे सभी अभ्यर्थी जिन्हें काउंसलिंग के पश्चात शोध केन्द्र आबंटित हो गये हों, को शोध केंद्र आबंटन पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुसार निर्धारित तिथि तक शोध केन्द्र में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा ।

**नोट: काउंसलिंग के समय यदि अभ्यर्थी के मूल प्रमाणपत्रों की जाँच में कोई भिन्नता पायी जाती है तो अभ्यर्थी का परीक्षाफ़ल स्वतः निरस्त माना जायेगा ।**

**निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ**

---

पत्रांक: KU/RDC/KUPPAT/2026/1997 तददिनांक

**प्रतिलिपि:** निम्नांकित समाचार पत्रों के संपादकों को इस आशय से प्रेषित के उक्त सूचना को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखंड संस्करण में व्यापक छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक: 04.08.2026 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें-

- दैनिक जागरण, नैनीताल ।
- अमर उजाला, नैनीताल ।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल ।
- दैनिक आज, नैनीताल ।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल ।
- उत्तरांचल दीप, नैनीताल ।
- उत्तर उजाला, नैनीताल ।
- शाह टाइम्स,नैनीताल ।
- न्यूज प्रिंट, नैनीताल ।

**प्रतिलिपि-** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

प्रभारी ई. आर. पी. को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त के दृष्टिगत वेबसाइट सम्बंधित आवश्यक कार्यवाही यथासमय सुनिश्चित करने का कष्ट करें

निजी सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ ।

निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ